धान की 31 सौ रुपए कीमत देने वाला छग देश का पहला राज्यः गजेन्द्र





## खबर संक्षेप

### भाजपा ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस

**राउरकेला।** आबा वीर बिरसा मुंडा की अमर प्रेरणा और उनके बलिदान को स्मरण करते हुए भारतीय जनता पार्टीए पानपोष संगठनात्मक जिला राउरकेला ने आज जनजातीय गौरव दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध बिरसा मुंडा के संघर्ष, वीरता और अदम्य साहस को नमन करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिसरा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा राउरकेला संगठनात्मक जिला के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें जगबन्धु बेहेराए पूर्व जिला अध्यक्षा लतिका पटनायक, जिला प्रवक्ता गंगाधर दास, केदार मोहन्ति, शशांक जेना, हीरोज राय, बीरेन पति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### गांजा माफियां पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिले के बणई उपमंडल में गांजा माफियाओं पर लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई है। एक सप्ताह के भीतर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध गांजा की व्यापक पैमाने पर की जा रही खेती का भंडाफोड़ करते हुए हजारों पौधों को नष्ट किया है। कठिन पहाड़ी और घने जंगलों वाले इस क्षेत्र में अवैध खेती तेज़ी से फरोकने के लिए प्रशासन अब सख़्त मोड में है। पहली कार्रवाई में टिकायतपाली थाना क्षेत्र के भालुपाणी पंचायत के बराघाट-भलमुरा इलाके में बाहर से सक्रिय माफियाओं ने स्थानीय लोगों को पैसे देकर अवैध गांजा की खेती करवाई थी। घने और दुर्गम जंगलों के बीच एक एकड़ से अधिक भूमि पर उगाई गई फसल को पुलिस आबकारी के संयुक्त छापे में नष्ट किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि झारखंड के गांजा गिरोह यहां तेजी से सक्रिय हैं और जंगलों को सुरक्षित ठिकाने की तरह इस्तेमाल करते हैं। लोगों ने इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान और अधिक सख़्ती से चलाने की मांग की है। इस कार्रवाई में एक्ज़ीक्यूटिव मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त तहसीलदार ज्ञानरंजन बेहेरा आबकारी अधिकारी तेजराज गहीर, टिकायतपाली थाना प्रभारी सविता पात्रा, वन विभाग की टीम और पुलिस बल शामिल रहे। गौरतलब है कि 10 नवंबर को भी इसी इलाके में लगभग डेढ़ एकड़ जमीन में उगाई गई 10 लाख रुपए से अधिक मूल्य की गांजा फसल को नष्ट किया गया था। ताज़ा कार्रवाई में लगभग 7 लाख रुपये मूल्य की खेती का सफाया हुआ। 14 नवंबर को टिकायतपाली थाना क्षेत्र के उलसुरा गांव और ओराम साहि बड़घाट के पास स्थित उलसुरा रिज़र्व फॉरेस्ट में पुलिस और एक्साइज विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारकर लगभग 800 गांजा पौधों को नष्ट कर दिया। एक्साइज इंस्पेक्टर हेमंत महानंदिया ने किया, जबकि अभियान में एसआई राधेश्याम बाग, एक्साइज ओआईसी तेजराज गहीर, फॉरेस्टर एस बालांग, सदाशिव पात्रा, लहुणीपाड़ा ओआईसी जतिन देवसा, तथा वनकर्मी और पुलिस टीम शामिल रही।

### गोपालपुर में किया गया यूनिटी मार्च का आयोजन

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ ब्लॉक के गोपालपुर में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जांजगीर चाम्पा क्षेत्र के सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय और कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने देश के प्रथम गृह मंत्री और रियासतों के एकीकरण करने वाले सरदार पटेल के गौरव गाथा का जिक्र किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी साहू, सांसद प्रतिनिधि अरुण गुड्डू, संतोष सोनवानी, सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल, भुवन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।







## सोमवार से सभी केंद्रों में होगी सुचारु खरीदी, लेकिन प्रबंधकों की हड़ताल से असमंजस में प्रशासन

# मंत्रोच्चार के साथ की गई तराजू की पूजा धान तौलकर केंद्र में सांकेतिक खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान खरीदी के पहले दिन कहीं मत्रोच्चार तो कहीं तराजू का पूजा-अर्चना कर सांकेतिक खरीदी की गई। अधिकांश समितियां वीरान रही।

**खास बात**

- कंम्प्यूटर ऑपरेटर भी नहीं आ रहे, इनके बिना नहीं होगा पोर्टल में एंट्री

किसान तो पहुंचे ही नहीं समिति के कर्मचारी और गांव के लोगों ने पूजा-पाठ किया। केवल कोड़ातराई में एक किसान से करीब 44 क्विंटल धान खरीदी कर बोहनी की गई। यहां शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने पूजा कर खरीदी का शुभारंभ किया।

### कोई नहीं लौटा

69 समिति प्रबंधकों और कुछ कंम्प्यूटर ऑपरेटरों के काम पर लौटने का दावा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है, लेकिन शनिवार को इसकी पुष्टि एक भी समिति प्रबंधकों ने नहीं की। हालांकि हड़ताल में रहने और खरीदी में सहयोग करने की बात भी प्रबंधक कह रहे हैं। यानें दो तरफा बात प्रबंधक कर रहे हैं। अब सोमवार को ही पता चलेगा काम पर लौटेंगे या नहीं।

### एस्मा का डर नहीं

दूसरी ओर समिति प्रबंधकों के हड़ताल की वजह से धान खरीदी के लिए बतौर प्रबंधक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनके लिए एस्मा भी लगा दिया गया है, लेकिन शनिवार को किसी ने किसी भी समिति में ज्वाइन ही नहीं किया था। जानकारी मिली है कि बालोद में कृषि विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित भी कर दिया गया है। इससे कृषि अधिकारी संघ में आक्रोश बढ़ गया है। याने एस्मा का डर भी नहीं है।

दूसरी ओर खरीदी को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति ही है। याने समिति प्रबंधकों और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा की जा रही आंदोलन से जो धुंध है वह अभी छंटा नहीं है। हालांकि सोमवार से प्रबंधकों और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों के लौटने का दावा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद खरीदी सुचारु हो सकती है, लेकिन लौटने की गारंटी भी नहीं है।

शनिवार को सांकेतिक रुप से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। हालांकि अधिकांश खरीदी केंद्रों में वीरानी छाई रही। किसान तो पहुंचे नहीं, समिति के कर्मचारी और ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। पूजा करने के बाद ताला लगाकर चले गए। चूंकि अब तक धान कटाई शुरु ही नहीं हुआ है। कुछ किसानों ने छोटे धान जरुर कटाई कर लिया है, लेकिन अभी वह सूखा भी नहीं है। ऐसे में खरीदी में तेजी अगले महीने से ही आने की बात कही जा रही है। कंम्प्यूटर ऑपरेटरों के बगैर खरीदी होने के बाद पोर्टल में एंट्री का काम भी नहीं पाएगा। ऐसे में प्रबंधकों के साथ जब तक कंम्प्यूटर ऑपरेटर काम पर लौट नहीं आते तक खरीदी को लेकर अमंजस की स्थिति बनी ही रहेगी। जानकारी के अनुसार पहले दिन कोड़ातराई के साथ कोड़ासिया, घटगांव, धरमजयगढ़ और लैलूंगा में धान खरीदी हुई है।

### पुलिस ने लौटाए 54 गुम मोबाइल

**रायगढ़।** एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने शनिवार को साइबर सेल द्वारा गुम/चोरी हुए 54 मोबाइल का पुलिस नियंत्रण कक्ष में वितरण किया। उन्होंने बताया कि गुम/चोरी हुए मोबाइल स्वामियों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल की जानकारी दी जाती है। ये मोबाइल एक्टिवेट होने पर कंप्लेंट के अल्टरनेट नंबर पर अलर्ट के साथ ही संबंधित साइबर सेल और थानों को भी मेल से जानकारी प्राप्त होती है और जिस पर आगे पुलिस कार्रवाई कर ऐसे मोबाइल को प्राप्त किया जाता है। साइबर सेल द्वारा पिछले दो माह में ऐसे 54 मोबाइल को रिकवर किया गया है, जिसकी कीमत करीब 9 लाख 72 हजार रुपए है। एसपी दिव्यांग पटेल के कार्यकाल में साइबर सेल और थानों की टीमों ने 400 से अधिक गुम मोबाइल को ट्रैक कर वितरण किया है। पिछले 2 माह में गुम हुए मोबाइलों को ट्रैक कर उनका उपयोग कर रहे लोगों से संपर्क कर साइबर सेल टीम द्वारा संबंधित थाने के स्टाफ से उन्हें साइबर सेल रायगढ़ मंगवाया गया है। ये मोबाइल प्रदेश के कई जिलों समेत सीमावर्ती राज्य ओड़िशा, झारखंड, एमपी तथा पश्चिम बंगाल, बिहार से रिकवर किया गया है।



## नीतीश के नेतृत्व पर भरोसे का प्रमाणः ओपी



**रायगढ़।** विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बिहार चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह जनादेश देश भर में मोदी के करिश्माई नेतृत्व, बिहार में नीतीश जी के नेतृत्व पर भरोसे का प्रमाण है। बिहार की जनता ने पूरी समझदारी के साथ अपना आशीर्वाद एनडीए को दिया है। ओपी ने चुनाव परिणाम को मोदी लहर बताते हुए कहा बिहार की जनता जनार्दन इस जनादेश के लिए बधाई की हकदार है। आजादी के बाद दशकों तक बिहार में जंगल राज मौजूद था लेकिन इस जनादेश ने यह साबित कर दिया कि एनडीए की सरकार ने बिहार से जंगलराज खत्म कर सुशासन स्थापित किया। बिहार की जनता ने यह महसूस किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृत काल में विकसित भारत बनने की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। बिहार का यह भव्य जनादेश भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परिवार वाद की राजनीति से लोकतंत्र की जड़े कमजोर हो रही थी बिहार की जनता ने परिवार वादी पार्टियों की जड़ों को उखाड़ कर बिहार को परिवार वाद से मुक्त किया है। नेगेटिव एजेंडे के साथ ब्लेम गेम की राजनीति करने वालो को बिहार की जनता ने सबक सीखा दिया। देश के अलग अलग कोनो से मोदी जी के नेतृत्व को लगातार जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। कांग्रेस को इंडी गठबंधन को महा ठगबंधन निरूपित करते हुए ओपी चौधरी ने कहा जनता विकास की राजनीति की वजह से विपक्ष को मुंह तोड़ जवाब दे रही है।

### रबी फसल में पानी की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले किसान

**डोंगाकोहरौद।** रबी फसल में पानी की मांग को लेकर डोंगाकोहरौद, भिलौनी धनगांव केशला मेकरी जोरिला हिर्री के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि पामगढ़ शाखा नहर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद भिलौनी धनगांव केसला मेकरी जोरिला हिर्री आदि ग्राम पंचायत से लगभग 250 किसानों रबी सीजन में धान बोने के लिए पानी के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में दुकालू भास्कर, राजाराम पटेल लव पटेल रवि शंकर धीवर, मनीष कश्यप, कुलदीप साहू, रामखिलावन कौशिक आदि शामिल हैं।

## पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंह बोली पत्नी के हत्या के आरोपी को सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड से भी दंडित किया है।



शासन की ओर से मामले की पैरवी करने वाले लोक अभियोजक पीएन गुप्ता ने बताया कि टीवी टॉवर पेट्रोल पंप के पास रहने वाला आरोपी प्रेम कुमार राठिया पिता पनिक राम राठिया 29 8 जुलाई 2024 को चक्रधर नगर थाने पहुंच कर सूचना दिया कि मृतका केंवरा सारथी उर्फ संध्या विवाहित थी, लेकिन उसका पति उसे छोड़ दिया था। जिससे 5 सालों से वह संध्या को अपने साथ पत्नी बना कर रखा था। 7 जुलाई की शाम 5 बजे दोनों इतवारी बाजार रायगढ़ गए थे, जहां से वापस आते समय सिग्नल चौक के पास शराब दुकान से शराब खरीदे और घर में मछली बनाए। इसके बाद दोनों साथ में बैठ कर शराब पीए और खाना खाए। रात करीब 11 बजे संध्या ग्राम केनसरा जाने की जिद करने लगी तो प्रेम कुमार ने उसे मना कर दिया। ऐसे में संध्या दरवाजा के पास जाकर सो गई और आरोपी भी सो गया। सुबह 7 बजे उठ कर प्रेम ने देखा तो संध्या उठाने से भी नहीं उठी, उसकी मौत हो गई थी। ऐसे में चक्रधर नगर ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। मर्ग जांच के दौरान पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने प्रेम कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने बताया कि उसके साथ हाथ-मुक्का मारपीट करने पर संध्या की मौत हो गई। ऐसे में पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### हत्या के आरोपी दो भाइयों को आजीवन कारावास

अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने वर्ष 2019 में हुए मेहत्तर मांझी हत्या प्रकरण में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए आरोपी दो भाइयों निरंजन मांझी व निर्मल मांझी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और एक-एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा द्वारा दिया गया है। 22 दिसंबर 2019 की रात ग्राम खोखरो आमा में आरोपी निरंजन और निर्मल मांझी घर के बाहर हल्ला-गुल्ला कर रहे थे, जिसे मृतक मेहत्तर मांझी ने रोकने का प्रयास किया। इस पर क्रोधित होकर दोनों भाइयों ने लोहे के छड़ और हाथ-मुक्का से मेहत्तर पर हमला कर दिया, जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी बहरतीन मांझी की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सभी साक्षियों के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए दोनों भाइयों को मेहत्तर मांझी की हत्या का दोषी पाया।

## लाखों की चोरी के आरोपियों का नहीं मिला सुराग

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत वित्त विभाग के अधिकारी के घर लाखों की चोरी के आरोपियों का दो सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस को चोरी करने वाले गिरोह की जानकारी तो मिली है, लेकिन आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से काफी दूर हैं। जिससे पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिल पा रहा है। सुमित साहू पिता विनोद साहू ग्राम मुड़ागांव के रहने वाले हैं और राज्य संपरीक्षा वित्त विभाग में सहायक संचालक इंद्रवती भवन नया रायपुर में कार्यरत हैं। 1 नवंबर को इनके विनोद साहू व माता श्रीमती दुर्गावती साहू ग्राम मुडागांव के घर को ताला बंद कर सुबह करीब 8 बजे ईलाज कराने नया रायपुर गए थे, घर में कोई नहीं था। 3 नवंबर को पडोसी से इन्हें जानकारी मिली कि इनके सूने मकान का ताला तोड़ अज्ञात आरोपी नकदी सहित करीब 4 लाख के जेवरात को पार कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और कुछ स्थानों से फिंगरप्रिंट सहित अन्य सबूत संकलन कर जांच की गति को बढ़ाया गया।




## खबर संक्षेप



### अघरिया समाज ने किया महासभा का आयोजन

**सरसीवा।** अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित विशेष महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विधान से राष्ट्र गान गाकर प्रारंभ किया गया। इष्ट देव की पूजा अर्चना की गई, सामाजिक ध्वज फहराया गया, स्वागत उद्बोधन किया गया, समन्वय समिति द्वारा दस्तावेज पठन किया गया, केंद्रीय अध्यक्ष उषा पटेल द्वारा संपूर्ण जानकारी विस्तार से बताया गया। इस विशेष महासभा का मुख्य उद्देश्य कृष्ण अघरिया धाम पैता एवं अघरिया सदन रायगढ़ भवन में आर्थिक अनियमितता पर ध्यान आकर्षित करना रहा। जिस पर समाज के वरिष्ठ जनों ने केंद्रीय पदाधिकारियों ने कठोर कदम उठाने का फैसला लेने की बात कही हैए क्योंकि बिना कठोर फैसला के मंदिर निर्माण का काम पूरा नहीं किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष उषा अमरसिंह पटेल के साथ समस्त केंद्रीय कार्य कारिणीए क्षेत्रीय कार्य कारिणी, सामाजिक बंधु गण, सामाजिक जन प्रतिनिधि गण के साथ देवरी सोनाखान क्षेत्र से अध्यक्ष देवानंद नायक, पुनीत राम नायक, बोधी राम चौधरी, युधिष्ठिर नायक, गोपलाल पटेल समेत सामाजिक बंधु उपस्थत रहे।

### आत्मा का परमात्मा से मिलन ही रास हैः ममता

**सरसीवा।** विधानसभा बिलाईगढ़ में वनांचल क्षेत्र सोनाखान के सबसे प्रमुख गांव चांदन राज्देवरी में बृंदावन निवासी अनुरागिनी ममता शर्मा के श्रीमुख से संगीतमय भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है जहां हजारों की संख्या में भक्त गण पहुंचकर, भागवत कथा का रस पान कर रहे हैं। कथा वाचिका अनुरागिनी ममता शर्मा ने आज के समय में रासलीला शब्द के गलत रूप में फ़ैल रही भ्रांतियां को दूर करते हुए कही किए वास्तव में रास लीलाए समस्त गोपियों के आत्मा कीए भगवान श्री कृष्ण रूपी परमात्मा मेंए विशुद्ध रुप से विलीन होना ही रास लीला है,
इस संगीत मय भागवत कथा के रसपान में प्रमुख रूप से गंगाधर पटेलए डॉ ओम प्रकाश शर्मा, साधराम चौधरी, युधिष्ठिर नायक, तिलक नायक, देव राम डडसेना, पीतांबर पटेल, लोकनाथ बारिहा, सुखलाल निषाद, मुरलीधर मिश्रा, जान मोहम्मद खेमानीधि पटेल, बोलो राम, बुधराम नायक, खान, हेमलाल पटेल समेत हजारों भक्त, माता बहनें, जन प्रतिनिधि शामिल होकर कथा का रस पान कर रहे हैं।

### मेडिकल यूनिट ने की बच्चों की स्वास्थ्य जांच

**पुसौर।** पुसौर अभिनव विद्या मंदिर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल पुसौर के नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम द्वारा बस को विद्यालय प्रांगण में लाकर स्वास्थ्य परीक्षण की गई। जिसमें सर्वाधिक बच्चों को चिकित्सा लाभ मिल पाया। उक्त परीक्षण को अवलोकन करने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश कुमार साव, मुख्य कार्यपालिका अधिकारी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, पार्षद फगूलाल प्रधान विद्यालय आए और विद्यार्थियों से एवं चिकित्सा मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम का जानकारी लिए।

### सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने वाला गया जेल

**छाल।** छाल थाना क्षेत्र के कुड़ेकेला स्थित मर्यादित सेवा सहकारी समिति की उप मंडी पोंडी छाल की भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की गई है। तहसीलदार लोमश मिरी के निर्देश पर राजस्व व पुलिस अमले ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कब्जाधारी नीलाम्बर सिदार पिता मोतीराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उस पर मंडी मैदान की बाड़ तोड़कर सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगा था। इस मामले में समिति प्रबंधन और सरपंच ने कार्रवाई की मांग की थी। तहसीलदार लोमेश मिरी ने जांच के बाद थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह कड़ी कार्रवाई की गई।

### स्व-सहायता समूहों की कहानियों ने बढ़ाया उत्साह

# दीदियों ने बताई अपनी प्रेरणास्पद कहानियां, प्रेरित हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और महिलाओं की सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का चौथा एपिसोड आज दोपहर 2 बजे से आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से प्रसारित किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री सह पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की प्रेरक पहल पर प्रारंभ यह राज्य स्तरीय रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त करने का प्रभावी माध्यम बन गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपनी प्रेरणादायी सफलता की कहानियां साझा कीं जो अन्य समूहों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी। इन कहानियों के माध्यम से बिहान से जुड़ी महिलाओं के नवाचार, आजीविका संवर्धन के प्रयास और उपलब्धियों की जानकारी पूरे प्रदेश में पहुंचाई गई। सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में जिले में दीदी के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण सभी 7 ब्लाक के 28 संकुल स्तरों पर किया गया। इस दौरान समूहों की महिलाएं एकत्र होकर कार्यक्रम को सुनीं और उससे प्रेरणा प्राप्त की। जिले की लगभग 1 लाख 25 हजार से अधिक दीदियों ने 12 हजार 500 स्व सहायता समूहों एवं 730 ग्राम संगठनों के सहयोग से इस कार्यक्रम को जिले के कोने-कोने तक पहुंचाया। दीदी के गोठ न केवल स्व सहायता समूहों की महिलाओं के कार्यों को मंच प्रदान कर रहा है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता, नेतृत्व और सामाजिक सहभागिता की दिशा में नई ऊर्जा दे रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं की सशक्त आवाज बनकर उभर रही है, जो छत्तीसगढ़ के समग्र विकास की कहानी में एक नया अध्याय जोड़ रही है।



दीदियों की कहानी सुनते आजीविका मिशन की महिलाएं।

### निमोनिया के लक्षण एवं बचाव की दी जानकारी

**रायगढ़।** विश्व निमोनिया दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में महिला आरोग्य समिति की सदस्य श्रीमती गीता सारथी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के अभिभावकों को निमोनिया के कारण, लक्षण एवं उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानू प्रताप पटेल ने बताया कि पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जबकि यह पूर्णतः रोके जाने योग्य रोग है। बच्चों में खांसी, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई, पसलियों का अंदर धँसना जैसे लक्षण निमोनिया के संकेत हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य संस्थान में जांच व उपचार कराना आवश्यक है। निमोनिया फेफड़ों में संक्रमण के कारण होता है। इसके प्रमुख लक्षण हैं। खांसी जुकाम, तेज बुखार, सांस फूलना, पसलियों का धँसनाए बच्चे का खाना या दूध न पीनाए सुस्ती या अत्यधिक नींद आना आदि। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सीय जांच आवश्यक है। निमोनिया से बचाव के लिए घर में स्वच्छ व हवादार वातावरण रखें।



## करंट से जंगली सूअर का शिकार, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

वन विभाग सामान्य रेंज सारंगढ़ की टीम ने ग्राम नूनपानी में अवैध शिकार के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां कुछ लोग करंट लगाकर जंगली सूअर का शिकार कर रहे थे। विभाग के पहुंचते ही दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील सिदार पिता संत कुमार 3, लक्ष्मीनारायण यादव पिता भगाउ यादव 44 और जोगीराम सिदार पिता सुमित्रा सिदार 20 शामिल हैं। सभी आरोपी बरमकेला क्षेत्र के ग्राम नूनपानी के निवासी बताए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने जंगली सूअर को करंट लगाकर शिकार करने बात स्वीकार की है। दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। वन विभाग की टीम ने मौके से शिकार में उपयोग किए गए बिजली तार हथियार और जंगली सूअर के अवशेष बरामद किए हैं। वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कुड़ेकेला स्कूल में पालक शिक्षक मेगा बैठक के साथ विज्ञान कार्यशाला

**कुड़ेकेला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेकेला में तिमाही परीक्षा के बाद छात्र छात्राओं की शैक्षिक गतिविधियों उपलब्धियों पर गहन चर्चा एवं आगामी परीक्षा की लिए रणनीतियों पर पालक शिक्षक मेगा बैठक एवं विज्ञान के प्रति रुचि जागरूकता बढ़ाने विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विज्ञान कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राष्ट्रीय विज्ञान कार्यशाला से प्रशिक्षित एएवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित विज्ञान प्रेरक शैल कुमार पाण्डेय के द्वारा 300 से अधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ाने वाली मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। सभी मॉडल हस्त निर्मित अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार की गई थी। भौतिक विज्ञान एवं जीवविज्ञान के विभिन्न विषय वस्तुओं पर आधारित मॉडलों का प्रदर्शन छात्र छात्राओं के लिए अकल्पनीय रहा। शैल कुमार पाण्डेय ने बताया कि आप जीवन में डॉक्टर, इंजिनियर, पायलट, एडवोकेट, बिजनेसमैन, जो बनना चाहते हो, बनो पर सबसे पहले अपने माता पिता गुरु का बात मानने वाला इंसान बनो। पालक शिक्षक बैठक में शामिल हुए सभी अभिभावकों ने अपने पुत्र पुत्री के उपलब्धियों के साथ साथ विज्ञान कार्यशाला की भी चर्चा खुले मन से किए। पालक शिक्षक मेगा बैठक सह विज्ञान कार्यशाला का आयोजन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता के अध्यक्षता में संस्था के प्राचार्य एवं संयोजक पदुम कुमार साहू के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ के सहयोग से किया गया। विज्ञान कार्यशाला में तरेकेला, महाराज गंज, बरबसपुर के शिक्षक, शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पालक शिक्षक मेगा बैठक में आए सभी अभिभावकों ने दोनों कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



### प्राइमरी स्कूल दहिदा में एफएलएन मेला

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी के नेतृत्व में चौदह नवम्बर के दिन एफ एल एन मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में स्टॉल लगाए गए जिसमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी और बालवाड़ी के स्टॉल उत्कृष्ट रहे। इस स्टॉल की सबसे ख़ास बात कि इस स्टॉल का संचालन विद्यार्थियों द्वारा ही किया गया। इसके अंतर्गत जादू की पोटली, पपेट की पाठशाला, मैजिक साउंड, जोड़ मशीन, कौन पहले कौन बाद मेंएरंगों से खेलें जैसे शत प्रतिशत स्टॉल लगाए गए, निरीक्षणकर्ता संकुल समन्वयक अशोक कुमार खरे ने स्टॉल का निरक्षण करते हुए शालेय स्टॉफ और विद्यार्थियों की सराहना की एइस अवसर पर प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी, असरिता टोप्पो सहायक शिक्षक एल बीएसंजय कुमार मिश्रा, खेमराज पटेल, बुधराम भारती सफाईकर्मी एसभी विद्यार्थी और पालकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

## ग्राम्य भारती शोध संस्थान की पुसौर में लगी विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

ग्राम्य भारती शिक्षण एवं शोध संस्थान तमनार के द्वारा अपनी शाखा आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में 11 नवंबर दिन मंगलवार को विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं विचार प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आदर्श ग्राम्य भारती के सभी शाखा पुसौर, तमनार, धरमजयगढ़, राजपुर, धौराभांठा, मिलुपारा एवं लिबरा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

विज्ञान माडल प्रदर्शनी पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रदुषण रहित विद्युत उत्पादन विषय पर आधारित था जिसमें धरमजयगढ़ प्रथम स्थान पर तथा पुसौर दूसरे स्थान पर रहे। विद्यार्थियों का विचार प्रस्तुतिकरण का विषय. मतदान प्रणाली में ईवीएम का प्रयोग नई शिक्षा नीति 2020 पर्यावरण संतुलन समस्या एवं समाधान था जिसमें शाखा पुसौर के विद्यार्थी प्रथम धौराभांठा द्वितीय तमनार तृतीय स्थान पर रहे। शिक्षकों द्वारा विचार प्रस्तुतिकरण का विषय सोशल मीडिया का सामाजिक प्रभाव पर्यावरण असंतुलन समस्या एवं समाधान मतदान सूची का गहन पुनरीक्षण था। जिसमें धौंराभाठा प्रथम मिलुपारा दूसरे और धरमजयगढ़ तीसरे स्थान पर रहे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी कार्यक्रम के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता थे। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ग्राम्य भारती के संस्थापक लक्ष्मीनारायण चौधरी संचालक दिनेश चौधरी सभी शाखा के प्राचार्य ग्राम्य भारती शिक्षण समिति एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश थवाईत एवं रामकुमार गुप्ता उपाध्यक्ष बैकुंठ गुप्ता एवं मोहित गुप्ता, सदस्य अलेख साव भगतराम गुप्ता एवं विनोद गुप्ता उपस्थित थे।



## जिला विधिक सेवा ने मनाया बाल दिवस

**कुड़ेकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के आदेशानुसार थाना पारा मीडिल स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को नालसा के विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया गया। तथा बच्चों को कानून संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दिया गया। जिसमें 14 नवंबर को पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिवस बच्चों के लिए विशेष है क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू को चाचा नेहरू के नाम से पुकारा जाता था, बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया। बच्चों को शिक्षा के सम्बन्ध में जानकारी दी गई बच्चों को स्वच्छता का ज्ञान दिया गया। बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ न जाएं एवं किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। बाल संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकगण छात्र छात्राओं एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में पैरा लिगल वालिंटियर मौसमी शर्मा द्वारा शिविर आयोजित किया गया।



## चांदमारी स्कूल में मेगा पीटीएम का आयोजन

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं वृहद पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ.मनीषा त्रिपाठी के नेतृत्व में एएसएमडीसी अध्यक्ष शोभा शर्मा की अध्यक्षता में सदस्यगण वार्ड पार्षद अमित शर्मा, कलाविद् डॉ.माधुरी त्रिपाठी, समेत अन्य की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

यह सम्मेलन भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी की जयघोष के साथ एवं विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ एवं लगभग तीन घण्टे तक चला। शालेय परिवार ने मंचासीन उपस्थित सभी का पुष्पाहार से स्वागत किया। अध्यापन व्यवस्था अंतर्गत आए शिक्षकों उमाशंकर पाण्डेय एवं मंजू अवस्थी का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। साथ ही ओवरऑल शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जयकुमारी नाग कक्षा 5वीं एवं रीतिका देवांगन कक्षा 4थी को भी पुरस्कृत किया गया। नव भारत साक्षरता अंतर्गत उल्लास शपथ ली गई। त्रैमासिक परीक्षाफल की जानकारी शत प्रतिशत बच्चों की शाला में उपस्थिति, लगातार अनुपस्थित बच्चे, उनके लर्निंग स्तर, शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं क्रियान्वयन, स्वच्छता पखवाड़ा, बाल दिवस, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रणाली में सुधार हेतु मेंटर नियुक्त कर शिक्षण कार्य एएल पी जी गैस में मध्यान्ह भोजन योजना, विद्यांजली, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अपडेशन न्यौता भोज, पाठ्यक्रम पूर्णता, छरूमाही परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम आदि समस्त बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक सार्थक चर्चा की गई एवं पालकों से सुझाव भी लिए गए। पालकों ने अपनी अभिव्यक्ति में शाला में शैक्षणिक कार्य एवं संचालित गतिविधियों के प्रति अपनी संतुष्टि एवं विश्वास प्रकट किया। बैठक में 60 पालक 17 शिक्षक 07 एसएमडीसी सदस्य, 3 जनप्रतिनिधि, 04 विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। बैठक में शालेय परिवार की सहभागिता रही।



## किरोड़ीमलनगर क्षेत्र में गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



**खरसिया।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18 खरसिया के किरोड़ीमलनगर क्षेत्र में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इस अंतर्गत बीएलओ द्वारा डोर टू डोर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। इस कार्य की समीक्षा के लिए खरसिया एसडीएम प्रवीण तिवारी, नायब तहसीलदार काजल अग्रवाल तथा सीएमओ देवेंद्र सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी 06 बीएलओ एवं उनके सहयोगी बीएलओ शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत समीक्षा की और निर्धारित समय सीमा में गणना पत्रक वितरण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही डोर टू डोर कार्य की प्रगति का भी मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### बीएलओ, सुपरवाईजर को दिया गया ट्रेनिंग

# एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रक का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का शुभारंभ 4 नवम्बर से किया गया है। निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अन्तर्गत गणना पत्रक वितरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा एकीकरण का कार्य किया जाना है।

जिसमें घर घर जाकर वितरण किए गए गणना पत्रक में की गई प्रविष्टि की पूर्ण जाँच कर रंगीन फोटो सहित एक प्रति वापस लिया जाएगा तथा दूसरी प्रति में बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा मतदाता को पावती दी जाएगी। इसी क्रम में आज तहसील तमनार, रायगढ़ एवं नगर निगम रायगढ़ के बूथ लेवल ऑफिसर एवं बीएलओ सुपरवाईजर को ऑफलाईन एवं ऑनलाईन प्रशिक्षित किया गया तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, लैलूंगा भरत कौषिक द्वारा तहसील तमनार में बीएलओ एप का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचक नामावली के सटीक एवं पारदर्शी पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़ सके, इसके लिए बीएलओ को सतर्कता और निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



### समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता ने की भाजपा प्रवेश

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा से तमनार तक बुधवार को निकले बीजेपी के यूनिटी मार्च के दौरान राजनीति का माहौल अचानक गरम हो गया। कांग्रेस के रजनीकांत अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सासंद राधेश्याम राठिया, ज़िलाध्यक्ष अरूणधर दीवान समेत अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने सदस्यता ग्रहण किया। लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रजनीकांत ने कहा अब युवाओं को नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी। रजनीकांत की राजनीतिक यात्रा छात्रसंघ चुनाव से शुरू हुई, जब 2014 में उन्होंने सचिव पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इसके बाद वे एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक और राष्ट्रीय संयोजक बने।

## लंबित मामलों को 5 प्रतिशत के भीतर लाने का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बढ़ते अपराधों और लंबित प्रकरणों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभाकक्ष में अपराध समीक्षा बैठक ली। मीटिंग की शुरुआत से ही एसएसपी ने साफ कर दिया कि महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराध, साइबर ठगी, अवैध कारोबार और फरार आरोपियों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि नवंबर 2025 के अंत तक पेंडेंसी को 5 फीसदी के भीतर लाया जाए। तेज गति से निराकरण कर रहे थाना प्रभारी आस्ता और चौकी प्रभारी दोकड़ा को नगद पुरस्कृत किया गया, वहीं अपराध निराकरण में देरी पर चौकी मनोरा के एएसआई शांति प्रमोद टोप्पो को अर्थदंड लगाया गया।

# वैज्ञानिक सोच बच्चों के भविष्य का मजबूत आधार: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का

- प्रदेश के 9 जोन से 549 प्रतिभागी हुए शामिल
- कार्यक्रम में सांसद राठिया सहित विधायक साय एवं भगत हुए शामिल





समापन समारोह आज उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

12 से 15 नवम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान संगोष्ठी तथा विज्ञान क्लब प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 जोन के 549 प्रतिभागी शामिल हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनी भगत भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साय ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में जिज्ञासा, तर्कशीलता तथा समस्या समाधान क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत नवाचारी मॉडल न केवल रचनात्मक सोच का परिचय देते हैं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में उनके प्रयासों को भी दर्शाते हैं। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जीवन के प्रत्येक निर्णय और कदम में आवश्यक बताया और बच्चों को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगता में होंगे शामिल:** कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शिनी एवं विज्ञान मेला क्रार्यक्रम विकास खण्ड स्तर, जिला स्तर, जोन स्तर एवं राज्य स्तर आयोजित हुई। अंत में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगी। 12 से 15 नवंबर तक 12 विधाओं में प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें 09 जोन से छात्र एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को मिलाकर कुल 549 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें 22 लोगों ने प्रथम स्थान, 20 प्रतिभागियों ने द्वितीय स्थान एवं 13 प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक वर्ष एक प्रमुख विषय का चयन किया जाता है, इस वर्ष 2025-26 में प्रमुख विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत है। इसके उप कथानक अन्य सात विषय हैं। इन सातों विषयों पर राष्ट्रीय विज्ञान के तीन-तीन मॉडल प्रदर्शनी हेतु प्रस्तुत किये जाते हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंज बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में 162, पश्चिम भारत विज्ञान मेला में 81 प्रतिभागी, विज्ञान नाटिका में 72 प्रतिभागी, प्रश्न मंच में 36 प्रतिभागी, और विज्ञान क्लब में 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह के अंत में शिक्षकों, विज्ञान क्लबों, आयोजकों एवं विद्यालय परिवार के प्रयासों को सराहा गया तथा प्रतियोगिता को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना को प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

**भारत तकनीकी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा आगे:** कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों की सराहना की। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा आगामी राष्ट्रीय स्तरीय गतिविधियों हेतु चयनित प्रतिभागियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर सांसद राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाना है। इस उपलब्धियों को हासिल करने के लिए उच्च वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर भी काम करना होगा। देश के भविष्य बच्चों की वैज्ञानिक कला को निखारने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी मेला लगाया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना है। इसमें बच्चे अपनी कुशल एवं वैज्ञानिक हुनर को दिखाएंगे। कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भी बच्चों को संबोधित कर उन्हें लगातार आगे बढ़ने और अपनी तर्क और वैज्ञानिक कला को निखारते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत तकनीकी दृष्टि से लगातार आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल, चंद्रयान, मंगलयान जैसे उच्च प्रौद्योगिकी तकनीक भारत में ही विकसित की जा रही है। यह तकनीक बच्चों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण को निखारने के लिए प्रेरित करेगा।

## राउरकेला में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

**राउरकेला।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का राज्यस्तरीय भव्य समारोह सेक्टर.13 मेलण पड़िया में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले, राउरकेला के बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समीप जिले के विभिन्न आदिवासी संगठन, राजनीतिक दल, राउरकेला इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिला प्रशासन के अधिकारी एकत्र हुए और भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। आदिवासियों के पारंपरिक नृत्य और गीत से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसी क्रम में रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी आज राउरकेला पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद वे पहली बार 27 अगस्त 2024 को राउरकेला आए थे, जब वे केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम की पत्नी के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए लहूणीपाड़ा ब्लॉक के केंदुडिही गांव गए थे। हालांकि उस समय उन्होंने कोई सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया था।

## विकसित भारत की कल्पना को साकार करेगा बिहार का जनादेश: अरुण



**रायगढ़।** बिहार जीत के जश्न पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान में कहा भाजपा के लिए जीत जश्न नहीं बल्कि जीत जनता की सेवा के लिए है। बिहार का यह जनादेश मोदी जी के विकसित भारत की कल्पना को साकार करेगा। बिहार की भूमि ज्ञान का केंद्र है। बिहार की भूमि से बुद्ध के ज्ञान एवं चाणक्य के नीतियों को चर्चा दशकों बाद भी आज पूरे विश्व में आज भी प्रासंगिक है। एनडीए को मिले समर्थन को सुनामी बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा बिहार में चल रहे विकास, नारियों की सुरक्षा व्यवस्था, सुशासन के साथ गरीब कल्याण हेतु एन नीतीश सरकार की दशकों से संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है। मोदी जी के नेतृत्व में बिहार के विकास हेतु दिल खोलकर कार्य किए गए। नीतीश ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से बाहर करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। यह जनादेश 'विकसित बिहार' की कल्पना को साकार करने के लिए दिया गया है।बिहार के इस जनादेश से यह स्पष्ट हो गया कि जनता काम करने वाले पर भरोसा करती है। भाजपा के गठबंधन के साथ नीतीश ने ठोस इरादों के साथ वादों को पूरा किया है। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व, विज़न और विकास मॉडल पर जनता के अटूट विश्वास की गवाही है। युवाओं ने अपने वोट के जरिए रोजगार के अवसर चुना,वही महिलाओं ने वोट के जरिए सुरक्षा और सशक्तिकरण चुना।

## बिहार चुनाव में भाजपा की जीत पर घरघोड़ा में जश्न

**घरघोड़ा।** बिहार विधान सभा चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर को जारी हुआए उक्त चुनाव में भाजपा गठबंधन की एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया और 202 सीटों पर विजय प्राप्त की इसी कड़ी में बिहार विजय पर मंडल भाजपा घरघोड़ा ने भी विजय का जश्न आतिशबाजी कर व मिठाई बांटकर मनाया। विजय जश्न में भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण धर दीवान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जिला कार्य समिति सदस्य सुनील सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, मंडल महामंत्री हंसराज गुप्ता, गौरीशंकर गुप्ता, रितेश शर्मा, राधे गुप्ता, प्रेम मिश्रा, डोले पटेल, गोलू सिन्हा, अजीत गुप्ता, सोनू सिदार, टिंकू सोनी, भगवान दास, रजनीकांत तिवारी, प्रसन्न महंत, राजू रथ, बीरबल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**पुसौर।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर में बाल दिवस के अवसर पर प्राचार्य, स्टाफ तथा शिक्षा समिति अध्यक्ष व सदस्यों के सहभागिता से स्कूल के छात्रों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खेल कुद, अंताक्षरी, निबंध लेखन सहित कई आकर्षक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव शामिल रहे जिन्होंने स्कूल प्रबंधन एवं छात्रों द्वारा आयोजित क्रार्यक्रमों का बारीकी निरीक्षण कर उनका सराहना किया। ज्ञात हो कि उक्त स्कूल में शाला समिति अध्यक्ष के रूप में भरत षडंगी जब से पदभार ग्रहण किया है तब से लगातार स्कूल में भवन निर्माण सहित छात्रों के जरूरी सामानों की व्यवस्था हो रही है। इसी कड़ी में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम भी है। बाल दिवस के अवसर पर पहले अवकाश रहता था लेकिन अब अवकाश न होकर शासन द्वारा इसे स्कूल में उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया गया। स्कूल बाल दिवस के अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों का एक साथ भोज हुआ।

## अभिनव स्कूल में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के छात्रों द्वारा 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को चाचा



नेहरू के रूप में याद करते हुए उनके सम्मान में कई तरह का आयोजन किया गया। जिसमें खेल कूद, मेहंदी, रंगोली, निबंध, रस्साकसी, कबड्डी, बाली बाल, क्रिकेट, स्लो सायकल रेस, बोरा दौड़ चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, बाल्टी बाल खेल, गोला फेंक, तवा फेंक आदि खेल बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। जिसमें लगभग 450 प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मेडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में बच्चों को बाल भोज कराया गया। उक्त आयोजन दोनों माध्यम के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर सम्पन्न किया।

## एनएच ड्रेन निर्माण में गड़बड़ी, जांच की मांग



**राउरकेला।** बिसरा क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया हैए जहाँ रात के अंधेरे में ड्रेन निर्माण कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगा है। बिसरा जोड़ाबांध स्थित एनएच 320 डी सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत बनाए जा रहे ड्रेन में गंभीर अनियमितता पाई गई है। आश्चर्य की बात यह है कि यह कार्य दिन में नहीं, बल्कि रात में किया जा रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय ग्रामीणों को इस गड़बड़ी की जानकारी मिली। ग्रामीण मौके पर पहुँचे और विरोध किया। विरोध बढ़ते ही मौके पर मौजूद अधिकारी अचानक से गायब हो गए। मौजूद मजदूरों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्हें यह कम रॉड लगाने का निर्देश संबंधित इंजीनियर ने दिया था। वहीं जब ग्रामीणों और पुलिस अधिकारियों ने इंजीनियर से संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल बंद मिला।स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और निर्माण कार्य को रोकते हुए जांच शुरू कर दी।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रमणी यादव आ0 रामप्रसाद यादव, उम्र-30 वर्ष, जाति-रावत, निवासी-यादव मोहल्ला, चन्द्रपुर, पो0 व थाना व तहसील-चन्द्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.), हा0मु0 वेदांता टॉउनसिप सिंघीतराई, थाना व तहसील-डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका दुर्गेश्वरी साव आ0 भवानी प्रसाद साव, उम्र-31 वर्ष, जाति-तेली, निवासी-वार्ड नं. 29, प्रेमनगर रायगढ़, थाना-चक्रधर नगर, तहसील व जिला-रायगढ़ (छ.ग.) इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.12.2025 को 03.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/उजर करना हो तो वे निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/उजर पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 11-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

## स्काई एलॉयज में मेडिकल कैंप का आयोजन

**खरसिया।** स्काई एलॉयज एंड पॉवर लिमिटेड द्वारा ग्राम कनमुर में 15 नवंबर को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कारखाना डिस्पेंसरी से डॉ. टेकलाल पटेल और उनकी टीम के साथ चपले स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. राज किरण पटेल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर प्लांट हेड अर्जुन मलाकर और एचआर हेड दिग्विजय पटेल उपस्थित रहे। इस मेडिकल कैंप में 90 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सलाह दी गई। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। मेडिकल कैंप के मुख्य आकर्षण सामान्य स्वास्थ्य जांच रक्तचाप और शुगर की जांच, आंखों की जांच, परामर्श स्वास्थ्य जागरूकता सत्र के दौरान फ्री दवाइयां वितरण की गई।



## खबर संक्षेप

### कालोनी के लोग कर रहे समस्याओं का सामना

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर स्थित भाठिया कालोनी में रहने वाले लोगों को कई समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है। कालोनी में रहने वालों के लिए पेय जल, पानी निकासी, सफाई की समुचित सुविधा होने की जानकारी दी गई थी। इससे आकर्षित होकर लोगो ने यहां जमीन ली और मकान बना कर रहने लगे। कालोनाईजर द्वारा उक्त कालोनी का हेंड ओवर नगर पंचायत पुसौर को करने पर यहां पानी की अव्यस्था, सफाई आदि को लेकर यहां के रहवासी परेशान होने लगे जिसके कारण इन्हें हड़ताल पर भी बैठना पड़ गया। इसके बावजूद कालोनी में सारी समस्याएं यथावत बनी हुई है। कालोनी वासियों ने कालोनाईजर एवं नगर पंचायत प्रबंधन की शिकायत की है। कालोनाईजर द्वारा शासकीय बेशकीमती जमीन लेकर उसके बदले काश्तकारी जमीन नगर पंचायत पुसौर के नाम दी है। जिसकी जानकारी वर्तमान नगर पंचायत पुसौर सीएमओ ललित साहू को भी नहीं है। ऐसे में कई तरह के सवाल खडा हो रहा है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को आकर्षक रूप से सजाया गया। प्री प्रायमरी के विद्यार्थी रंग बिरंगी पोशाक में विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### समाजसेवी अनुप बांट रहे 16 साल से कंबल



**रायगढ़।** रायगढ़ के पूर्व पार्षद और समाजसेवी अनुप रतेरिया ने निःस्वार्थ सेवा की अनूठी मिसाल कायम की है। वे पिछले 16 सालों से लगातार सर्द रातों में जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचा रहे हैं। सेवा की भावना से प्रेरित अनुप रतेरिया इस वर्ष भी अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। वे डेढ़ माह तक अपने निजी वाहन से प्रतिदिन रात में कंबल लेकर शहर के चारों दिशाओं में निकल जाते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य गरीब और बेसहारा लोगों तक मदद पहुंचाना है। रतेरिया रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पहाड़ मंदिर, रामपुर, जिंदल रोड, जूट मिल रोड और बाईपास सहित शहर के हर कोने में ठिठुरते लोगों को अपने हाथों से कंबल वितरित करते हैं। 16 वर्षों से अनवरत जारी उनका यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों को सर्द रातों में राहत दे रहा है, बल्कि शहर के अन्य लोगों और सामाजिक संस्थाओं के लिए भी सेवा और समर्पण की एक बड़ी प्रेरणा है।

## कैबिनेट मंत्री ने कोड़ातराई में धान खरीदी का किया शुभारंभ

# धान की 31 सौ रुपए कीमत देने वाला छग देश का पहला राज्यः गजेन्द्र





किसानों का धान तौलकर खरीदी का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री और समारोह में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों के सम्मान और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने आज धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 का ऐतिहासिक शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव आज रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड स्थित ग्राम कोड़ातराई पहुंचे, जहाँ उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी सीजन का विधिवत शुभारंभ किया। मंत्री श्री यादव ने इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन का पूजन किया और अन्न माता के प्रतीक के रूप में किसानों द्वारा लाए गए धान का विधि-विधान से पूजन किया।

कैबिनेट मंत्री श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के गौरव और भविष्य को सुरक्षित करते हुए धान का समर्थन मूल्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है और यह गौरव छत्तीसगढ़ को किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य देकर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य छत्तीसगढ़ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की जरूरतों, समस्याओं और आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसान समृद्ध होंगे तो छत्तीसगढ़ और भारत दोनों विकसित बनेंगे।

मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक किसान आर्थिक रूप से सक्षम, आधुनिक कृषि तकनीक से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। सरकार किसानों को खाद, बीजए ऋण, कृषि उपकरण, प्रशिक्षण और डिजिटल सुविधाएँ सरलता से उपलब्ध करा रही है, ताकि खेती अधिक उत्पादक और लाभकारी हो सके। उन्होंने कहा कि आज अपने गृह क्षेत्र से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय कर रायगढ़ पहुंचना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि वे यहां के मेहनतकश किसानों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति, आवश्यकताओं और उम्मीदों को नजदीक से समझ पा रहे हैं। रायगढ़ जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया आज से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगी।

जिले के सभी पंजीकृत और पात्र किसान निर्धारित उपार्जन केंद्रों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान विक्रय कर सकेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है, केंद्रवार अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक सभी सुविधाएँ सुनिश्चित कर दी गई हैं। जिले में कुल 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदा जाएगा, जिनमें 15 केंद्रों को संवेदनशील और 4 केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। अवैध धान की आवाजाही रोकने के लिए 24 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ तीन पालियों में टीमें तैनात रहकर लगातार जांच और निगरानी कर रही हैं। धान खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने और किसानों को पारदर्शी सुविधा प्रदान करने के लिए श्तुंहर टोकनश मोबाइल ऐप लागू किया गया है। इस ऐप में प्रतिदिन सुबह 8 बजे टोकन उपलब्ध होंगे और सोसायटी संचालक सुबह 9.30 बजे से टोकन जारी कर सकेंगे। टोकन सात दिनों तक वैध रहेंगे और आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है, जिससे बिना किसान की सहमति कोई टोकन जारी नहीं हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की।

### अब किसानों को ऋण पुस्तिका लाने की जरूरत नही

राज्य शासन ने किसानों के लिए एक और बड़ी राहत दी है। अब किसानों को उपार्जन केंद्र में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं है। एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किसान का संपूर्ण डेटा स्वचालित रूप से सत्यापित हो जाएगा, जिससे खरीदी प्रक्रिया और तेज व पारदर्शी बनेगी। इस वर्ष संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन श्रेणी, डुबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टा धारक और ग्राम कोटवार वर्ग को विशेष अनुमति प्रदान की गई है। खरीदी की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होगी।



## कांटा पूजन कर किया गया धान खरीदी का शुभारंभ

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक्स तराजू का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष गोकुल यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सरकार, जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रवीण कुमार भगत, नित्यानंद यादव, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नरेश राठिया, पूर्व अध्यक्ष नीलमणि पटेल, हरिराम राठिया, गोविंद साव, पोटिया सरपंच देव सिंह सठिया, पार्षद अजय राठिया, कृष्णपद भक्त, रफीक खान सहित इस अवसर पर बड़ी संख्या में सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, किसान, पटवारी, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## महिलाओं ने किया कलेक्टोरेट का घेराव जनसुनवाई निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर/सारंगढ़

मेसर्स ग्रीन सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग प्रालि की प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध में गुरुवार को जिले भर में विरोध देखने को मिला। हजारों की संख्या में ग्रामीण तख्तियां और बैनर लेकर सड़कों पर उतरे और कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस आंदोलन की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसकी अगुवाई बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने की। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जबरदस्ती जनसुनवाई आयोजित किया तो आंदोलन और उग्र रूप ले लेगा। उनका कहना था कि कंपनी को गांव में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## चपले ग्रामीण बैंक के नए भवन का चेयरमैन ने किया लोकार्पण



**राबर्टसन।** 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा चपले के नया भवन का लोकार्पण किया गया। इसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद कुमार अरोरा पहुंचे थे। इनके द्वारा रीबन काट कर मां सरस्वती के सामने दिप प्रज्वलित कर नया भवन का लोकार्पण किया गया।

बैंक के चेयरमैन अरोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस बैंक का स्थापना 1975 में किया गया है। और आपके चपले में इस शाखा को 5 सितंबर 1984 को खोला गया था। जो समय के साथ साथ ग्राहकों को उचित सुविधाएं के अनुसार बैंक के भवन का परिवर्तन हो रहा था। आज इस नए भवन में वर्तमान समय के हिसाब से सुव्यवस्थित कर ग्राहकों को समर्पित किया गया है। अपने उद्बोधन में उन्होंने यह भी बताया कि हम उस ग्रामीण को लोन के माध्यम से हर समय सहयोग करने के लिए तैयार है जो स्वयं का व्यवसाय करना चाहते हैं। हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी लोन, महतारी वंदन के हितग्राहियों को लोन की सुविधाए पशुधन पर लोन, व्यापार के लिए वाहन लोन सहित अन्य लोन व बैंक से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण कुमार केकती, वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग सक्सेना, चपले शाखा प्रबंधक गुड्डू कुमार, कार्यालय शाखा प्रबंधक स्वदेश रंजन व शाखा चपले के कर्मचारियों के साथ चपले के सरपंच सुलोचना कवंर, जनपद सदस्य सुनाई बाई, उपसरपंच, पंचगण गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण व महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

### भाजपा युवा मोर्चा ने मनाया जीत का जश्न

**कोसीर।** बिहार विधानसभा चुनाव मे एनडीए को मिली जीत का जश्न कोसीर अम्बेडकर चौक में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने मनाया। फटाके चलाकर आतिशबाजी की और वहा उपस्थित सभी लोगो को मिठाई वितरण किया गया। आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री विशाल सोनी की अगुवाई में हुआ। जिसमे पार्टी के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं नें भाग लिया। विहार चुनाव के जैसे नतीजे सामने आए भाजपा के कार्य कर्ता ओ मे भारी जोरो से खुशी का माहौल देखने को मिला कोसीर की ह्रदय स्थल अम्बेडकर चौक में एकत्रित होकर शाम को पूरी आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान कोसीर भाजपा मंडल युवा मोर्चा विशाल सोनी महामंत्री अभिषेक पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## चंद्रपुर तहसीलदार ने एसआईआर प्रक्रिया का किया निरीक्षण



**चंद्रपुर।** एसआईआर सिस्टमैटिक वोटर रिव्यू प्रक्रिया के तहत चंद्रपुर तहसील क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का शनिवार को तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगति का विस्तार से आकलन किया तथा पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

इस निरीक्षण में चंद्रपुर के राजस्व निरीक्षक विनोद नेताम, हल्का पटवारी मुकेश रमन तथा सुपरवाइजर अखिलेश यादव उपस्थित रहे। तहसीलदार कोरी ने चंद्रपुर, हरदी, गोपालपुर एवं बरहागुड़ा के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। यहां उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजरों से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। तहसीलदार कोरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता बढ़ाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ की सहायता के लिए अलग अलग सहयोगी टीमें गठित की गई हैं तथा हर क्षेत्र में सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे घर घर जाकर निर्वाचन प्रपत्रों को अत्यंत सावधानी से भरें।

### वी क्लब ने किया योग शिविर का आयोजन



**खरसिया।** वी क्लब ऑफ खरसिया सिटी द्वारा 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रावास के 75 छात्राओं ने भाग लिया। सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, विशिष्ट अतिथि महेश साहू रहे। वही डॉ सत्यम पटेल, आर्ची अग्रवाल ने उपस्थित बच्चियों का उत्साह वर्धन किया। योग शिक्षा की माइक्रो चेयर पर्सन वी अंजु गवेल सदस्य शैल ग़वेल, बीना रॉय ने बच्चों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से योग एवं ध्यान से तनाव मुक्त कैसे रहे इस विषय मे बताया। कार्यक्रम में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास की 45 छात्राओं और प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की 35 छात्राओं ने भाग लिया इन सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। बाल दिवस के अवसर पर वी क्लब द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका वी अंजु गवेल की रही।

## मेट्रो हॉस्पिटल और मसल फैक्ट्री जिम के संयुक्त तत्वावधान में हाफ मैराथन का आयोजन



**रायगढ़।** विश्व मधुमेह दिवस पर बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ और मसल फैक्ट्री जिम के संयुक्त तत्वावधान में कमला नेहरू पार्क में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 7 बजे शुरू हुआ। इस इस विशेष आयोजन की मुख्य प्रेरणा और मार्गदर्शक रहे श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं वरिष्ठ मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश मिश्रा। मधुमेह के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस कार्यक्रम में स्पष्ट दिखाई दी। डॉ. प्रकाश मिश्रा ने न केवल मैराथन के संचालन में अहम भूमिका निभाई, बल्कि स्वयं मैदान में उतरकर प्रतिभागियों के साथ रनिंग और जुम्बा कर सबका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कार्यक्रम को मधुमेह रोग जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ. मिश्रा ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और सहयोगी संस्था मसल फैक्ट्री ज़िम के डायरेक्टर सत्यार्थ चौबे, जुंबा ट्रेनर मंजेश सेबीओ की सराहना की। विजेताओं को नकद ईनाम दिया गया। यह कार्यक्रम डॉ. प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं मधुमेह जागरूकता के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश छोड़ गया।

### ट्रक की टक्कर से घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**अकलतरा ।** ट्रक की ठोकर से घायल युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद गुस्साएं लोगों ने अकलतरा शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर मुआवजे की मांग को लेकर 4 घंटे चक्काजाम कर दिया। इस बीच ट्रक मालिक एवं प्रशासन द्वारा 4 लाख रुपए की मुआवजा राशि देने पर मामला शांत हुआ। घटना अकलतरा शहर के मिनीमाता चौक की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 13 नवंबर को नगर के वार्ड क्रमांक 13 के निवासी रामकुमार टंडन के बेटे नितेश टंडन की मिनीमाता चौंक के पास ट्रक की चपेट में आने से हुई मौत को लेकर शहर में आक्रोश का माहौल देखा गया। घटना से दुःखी परिजनों को न्याय दिलाने तथा उचित मुआवजे की मांग को लेकर समाज एवं भीम आर्मी के नेतृत्व में शुक्रवार 14 नवंबर को मिनीमाता चौक के पास चक्काजाम शुरू कर दिया गया। चक्काजाम दोपहर 12 बजे शुरू होकर करीब चार घंटे तक चला, जिसके चलते शिवरीनारायण–अकलतरा मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। मृतक नितेश टंडन के बारे में बताया गया कि कुछ दिनों पहले ही उनकी सगाई हुई थी। वे निजी बैंक में कार्यरत थे ।

## विद्यार्थियों को जनजाति गौरव के इतिहास की दी जानकारी

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर किया गया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकास खंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत के आदेशानुसार 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव पखवाड़ा दिवस के दिन शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया, विकास खंड बम्हनीडीह में प्रार्थना के समय विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा एवं जनजाति गौरव दिवस का वाचन शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने पढ़कर सुनाया।

शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने जनजातीय गौरव दिवस का वाचन करते हुए कहा कि आज हम 15 नवंबर जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। यह दिन महान जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आधारित है बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन चलाया। उन्होंने जनजातीय समाज को एकता, स्वाभिमान और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। बिरसा मुंडा ने जंगल, जमीन और संस्कृति को बचाने का संदेश दिया जो आज भी हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है जनजाति नायकों के बलिदान को याद करना, उनके संस्कृति को सम्मान देना और युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ना। भारत के कई जनजातीय नायकों ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। रानी दुर्गावती, टंट्या भील, सीदो कानों, बुधु भगत जैसे वीरों ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और समाज को जागृत किया। छत्तीसगढ़ भी जनजातीय वीरों की गौरवशाली भूमि है। वीर नारायण सिंह सोनाखान ने 1857 में अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ विद्रोह किया और भूख से पीड़ित जनता की सहायता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। गुंडाधुर ने 1910 के भुमकाल विद्रोह का नेतृत्व किया और जल, जंगल, जमीन पर जनजाति समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन खड़ा किया। छत्तीसगढ़ की गोड़, मुरिया, हल्का, बैगा जैसी जनजातियां अपनी कला, नृत्य, संस्कृति और प्रकृति प्रेम के लिए जानी जाती है इनकी परंपराएं हमें सरलता सामूहिकता और पर्यावरण संरक्षण का मूल्य सिखाती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411